सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-580
31/12/2018

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उद्यमी पंचायत की बैठक सम्पन्न

पटना, 31 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभाकक्ष में आयोजित उद्यमी पंचायत की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि औद्योगिक प्रोत्साहन नीति बने हुए लगभग ढाई वर्ष से ज्यादा हो गये हैं। उसकी समीक्षा के उद्देश्य से यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने विभिन्न मसलों पर अपने उपयोगी सुझाव दिए हैं, जिस पर गौर किया जाएगा। बियाडा की जमीन के ट्रांसफर के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडस्ट्रीज पॉलिसी के अंतर्गत ही ट्रांसपैरेंसी के साथ जमीन का ट्रांसफर होना चाहिए। दर के बारे में भी ध्यान देने की जरुरत है। ठीक से इन सब चीजों को मॉनिटर करने की जरुरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां को–ऑपरेटिव सोसाइटी के माध्यम से दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सुधा बहुत प्रभावी ढंग से काम कर रही है। सुधा एक ब्रांड बन चुका है। निजी निवेश के लिए भी इस क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जा रहा है। गाय का दुग्ध उत्पाद के फायदे तो हैं ही उसके अलावा गाय के गोबर और गोमूत्र से ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर और पेस्टिसाइट का निर्माण भी उपयोगी है। ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर के उपयोग से ऑर्गेनिक फॉर्मिंग बेहतर होता है। कृषि उत्पाद की क्वालिटी और प्रोडक्शन दोनों में वृद्धि होती है। वर्ष 2013 में नालंदा के एक गांव में नोबेल विजेता श्री जोसेफ स्टिंगलेट ने ऑर्गेनिक खेती के भ्रमण के दौरान उत्पाद की काफी प्रशंसा की थी और यहां के किसानों को एग्रीकल्चर साइंटिस्ट से ज्यादा समझदार बताया था। औद्योगिक प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबलोगों से निवेदन है कि गोशाला के निर्माण करने में भी सहयोग दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार लैंड लॉक्ड स्टेट है, यहां कोई बड़ी इंडस्ट्री नहीं लग पा रही है। यहां माइक्रो इंडस्ट्री लेबल को बढ़ावा देने की जरुरत है। इसके लिए जो भी संभव है हमलोग काम कर रहे हैं। आई0टी0 इंडस्ट्री के लिए काम किया जा रहा है, आई0टी0 सिटी बनाया जा रहा है। आई0टी0 टावर भी बनने वाला है। आई0टी0 सेक्टर में बिहार का बहुत योगदान हो सकता है। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के द्वारा करीब 5 लाख युवाओं को कम्प्यूटर ज्ञान, संवाद कौशल एवं व्यवहार कौशल में प्रशिक्षित किया गया है, इसका लाभ इन युवाओं को रोजगार प्राप्ति के क्षेत्र में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक प्रोत्साहन नीति बने हुए काफी दिन हो चुके हैं लेकिन इसका लाभ लोग नहीं उठा पा रहे हैं इसलिए इसमें इन्वेस्टमेंट भी उतना नहीं हो पा रहा है। इंडस्ट्री के क्षेत्र में राज्य को ज्यादा टैक्स की प्राप्ति नहीं हो पा रही है लेकिन यहां बिजनेश के क्षेत्र में वृद्धि हुई है, लोगों की परचेजिंग पावर बढ़ी है। विकेंद्रीत तरीके से हमलोग विकास कर रहे हैं। राज्य डबल डिजीट विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है। शराबबंदी के बाद लोग अपने बचत का उपयोग अन्य चीजों की खरीदारी में कर रहे हैं, जिससे राज्य का व्यवसाय भी बढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की भी परचेजिंग क्षमता बढ़ी है। हमलोग सामाजिक सुधार के काम को आगे बढ़ा रहे हैं, इसमें भी आपलोगों का सहयोग जरुरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोगों ने तीन–चार महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, उस पर गौर किया जाएगा। आपलोगों ने जो बिजली संबंधी समस्या का जिक्र किया है, उसका समाधान

किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर 2019 तक बिजली के जर्जर तारों को बदल दिया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्र में एग्रीकल्चर फीडर के माध्यम से किसानों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। हमलोगों ने हर क्षेत्र में नीतियों में सुधार किया है, चाहे एग्रीकल्चर हो, फूड प्रोसेसिंग हो, सभी क्षेत्रों में इसका फायदा मिल रहा है। आपलोगों द्वारा ध्वनि प्रदूषण पर्यावरण के क्षेत्र में सुधार के सुझाव उपयोगी है। मुख्यमंत्री ने उद्योग क्षेत्र से जुड़े लोगों के संबंध में कहा कि जो उद्योगपति व्यक्तिगत सुरक्षा चाहते हैं, इसके लिए आई0जी0 सिक्युरिटी की अध्यक्षता में एक कमिटी बनायी गई है, जो इन चीजों का आकलन करेगी कि किसे सुरक्षा दी जाएगी। बिहार औद्योगिक सुरक्षा बल के दो बटालियन का एक बेगूसराय और एक डुमरांव में गठन किया जाएगा। इसके लिए पद स्वीकृत कर दिए गए हैं। चयन पर्षद की तरफ से आगे की नियुक्ति के विज्ञापन में इसका जिक्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में क्राइम रेट घटा है। हाल ही में हुई हत्या हम सबलोगों के लिए काफी दुखद रही है। उसकी मॉनिटरिंग डी0जी0पी0 लेवल पर हो रही है, इसके लिए एस0आई0टी0 का गठन भी किया गया है। हमारे कार्यालय से भी इन सबकी जानकारी लगातार ली जा रही है। व्यवसायी हत्या मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है और हत्या के मोटिव को जानने की कोशिश में लगी हुई है। जानकारी यह भी मिल रही है कि आजकल के क्रिमिनल छोटे–छोटे लड़कों से क्राइम करवा रहे हैं इन सब चीजों का आकलन पुलिस कर रही है। व्यक्तगत तौर पर हम थाना वाइज क्राइम का भी आकलन करवाते रहते हैं। राज्य सरकार लोगों की सुरक्षा के लिए तत्परता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग बेहतर गवर्नेंस के लिए हमेशा काम करते रहे हैं और इसके लिए कोई समझौता नहीं करते हैं। किसी भी पॉलिसी को कैबिनेट में ले जाने के पहले उसके वैधानिक पहलू की जांच कर लेते हैं और संतुष्ट होने के बाद ही कोई कारगर कदम उठाए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडस्ट्री पॉलिसी में आप सभी भागीदार हैं, आपके सहयोग से राज्य का विकास होगा और आपका भी फायदा होगा। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

उद्यमी पंचायत में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, उद्योग मंत्री श्री जय कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री श्रवण कुमार, पर्यटन मंत्री श्री प्रमोद कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री राम नारायण मंडल, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, अल्पसंख्यक कल्याण एवं गन्ना मंत्री श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद, बिहार उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री के0पी0एस0 केशरी, बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री पी0के0 अग्रवाल, कनफेडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री प्रभात कुमार सिन्हा, महिला उद्याग संघ की अध्यक्ष श्रीमती उषा झा, बिहार राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री राजू गुप्ता, एसोचेम बिहार रीजन के अध्यक्ष श्री राम लाल खेतान, उत्तर बिहार उद्यमी संघ, मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष श्री शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, बिल्डिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री भवेश कुमार, स्टेट एरिया मैनेजमेंट कमिटी के अध्यक्ष श्री मृणाल सिंह सहित उद्योग जगत के अन्य प्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री अरुण कुमार, अपर मुख्य सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव श्री के0के0 पाठक, सभी संबंधित विभागों के प्रधान सचिव/सचिव, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

******